महिला अध्ययन केंद्र
उ. प्र. पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञानं विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसन्धान संस्थान (दुवासू) , मथुरा (उ.प्र.)

प्रगति आख्या

उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञानं विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा द्वारा स्थापित महिला अध्ययन केंद्र के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के क्रम में दिनांक २४ फरवरी 2022 को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत ग्राम शहजादपुर, पौरी, फरह में राष्ट्रीय महिला दिवस, सरोजिनी नायडू जन्मदिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस को विश्वविद्यालय से मुख्य समन्वयक डा0 संजीव सिंह, डा0 वर्षा गुप्ता (समन्वयक), डा0 मीना गोस्वामी अवस्थी, डा0 ममता, श्रीमती किरण तथा श्रीमती प्रिया ने संचालित किया। महिलाओं एवं बालिकाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से स्वमलंबन की और प्रेरित करने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम गाँव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न क्षेत्रो में ख्याति प्राप्त महिलाओं और ऐतिहासिक महिलाओं सम्बंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थिओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। इसके अतिरिक्त इन सभी महिलाओं के जीवन और उपलब्धियों के विषय में विस्तार से बताया गया। बाद में ख्याति प्राप्त महिलाओं सचित्र विवरण विद्यालय को भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त '' देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान '' विषयक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गयी जिसमे 12 विद्यार्थिओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरुस्कार द्वारा प्रुस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के मेधावी छात्र छात्राओं को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। गाँव के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समस्त उपस्थित विद्यार्थिओं को अल्पाहार वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं अन्य अध्यापिकाओं का सहयोग अत्यन्त सराहनिय रहा।

इसके उपरान्त ग्राम शहजादपुर में महिलाओं के लिए गोष्टी आयोजित की गयी जिसमे लगभग ६० महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उक्त गोष्ठी में महिलाओं से भारत तथा उत्तर प्रदेश एवं मथुरा जनपद की ऐतिहासिक एवं शिक्षा, खेल , विज्ञान, चिकित्सा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त महिलाओं के सचित्र विवरण और जीवन परिचय देकर उन्हें प्रेरित करने का प्रयास किया गया। विद्यालय की बालिकाओं की एक बड़ी समस्या का संज्ञान होने पर कि, वे घरेलू काम काज निपटाने के उपरान्त ही विद्यालय आ पाती हैं और फसल कटाई के दिनों में विद्यालय आना और भी कठिन हो जाता है , महिलाओं से ं अनुरोध किया गया कि वे बालिकाओं को शिक्षा के पूर्ण अवसर प्रदान करें।

कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान श्रीमती ममता जी, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सत्यवती एवं सुधा जी, आशा बहन सुशीला जी एवं प्रेमवती जी को सम्मानित किया गया। अंत में सभी महिलाओं को स्वल्पाहार वितरित करके धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

महिला अध्ययन केंद्र
उ. प्र. पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञानं विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसन्धान संस्थान (दुवासू) , मथुरा (उ. प्र.)

विद्यार्थियो के बीच प्रतियोगिता का आयोजन

पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम शहजादपुर पौरी

महिला अध्ययन केंद्र
उ. प्र. पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञानं विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसन्धान संस्थान (दुवासू) , मथुरा (उ. प्र.)

विद्यार्थियो को पुरस्कार, पदक एवं अल्पाहार वितरण

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम शहजादपुर पौरी

महिला अध्ययन केंद्र
उ. प्र. पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञानं विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसन्धान संस्थान (दुवासू) , मथुरा (उ. प्र.)

महिलाओं के लिए आयोजित गोष्टी

२४ फरवरी 2022 ग्राम शहजादपुर

महिला अध्ययन केंद्र
उ. प्र. पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञानं विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसन्धान संस्थान (दुवासू) , मथुरा (उ. प्र.)

महिलाओं **का सम्मान एवं अल्पाहार वितरण**

२४ फरवरी 2022 ग्राम शहजादपुर